संसद सदस्यों ने श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 10 दिसंबर, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और केंद्रीय संसदीय कार्य एवं विदेश राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन ने आज भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह एवं राज्य सभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा ने भी श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि दी । इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री सी. राजगोपालाचारी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

देश के प्रति श्री सी. राजगोपालाचारी की सेवाओं के सम्मानस्वरूप भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. एन. संजीव रेड्डी ने 21 अगस्त, 1978 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण किया था ।